परिवार दिवस

अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस

# जहां हर रिश्ते में छिपा होता है अपनापन...



**नवभारत, जबलपुर।** घर बड़ा होने से नहीं, साथ रहने वालों के प्यार से परिवार बनता है। अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हर वर्ष 15 मई को लोगों को इसी भावना का एहसास कराने के लिए मनाया जाता है। बदलती जीवनशैली, व्यस्त दिनचर्या और तकनीक के बढ़ते प्रभाव के बीच परिवारों में संवाद और साथ बिताए जाने वाले समय में लगातार कमी देखी जा रही है। ऐसे समय में यह दिवस रिश्तों की अहमियत और परिवार की मजबूती का संदेश देता है। आज के दौर में जहां लोग सुबह से रात तक काम, पढ़ाई और मोबाइल की दुनिया में व्यस्त रहते हैं, वहीं परिवार के सदस्य एक ही घर में रहकर भी एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। पहले जहां शाम होते ही पूरा परिवार साथ बैठकर बातें करता था, वहीं अब मोबाइल स्क्रीन ने बातचीत की जगह ले ली है।

## विलुप्त होती जा रही परंपरा

परिवार व्यक्ति को भावनात्मक सुरक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास देता है। बच्चों का व्यक्तित्व निर्माण हो या बुजुर्गों को सम्मान और सहारा देना, हर स्थिति में परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। शहरों में तेजी से बढ़ते एकल परिवारों के कारण संयुक्त परिवारों की परंपरा धीरे-धीरे कम होती जा रही है। नौकरी और बेहतर अवसरों की तलाश में लोग अपने घरों और शहरों से दूर जा रहे हैं। इसका असर बुजुर्गों और बच्चों दोनों पर देखने को मिल रहा है।

## इनका कहना है



पहले परिवारों में सब लोग साथ बैठते थे, सुख-दुख साझा करते थे। आज मोबाइल के कारण बातचीत कम हो गई है। परिवार में अपनापन बना रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि यही रिश्ते जीवन का सबसे बड़ा सहारा होते हैं।

**रेखा पटेल**



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम लोग सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताते हैं, लेकिन परिवार के साथ समय बिताना भी उतना ही जरूरी है। परिवार ही वह जगह है जहां बिना किसी शर्त के प्यार और सपोर्ट मिलता है।

**ऋषभ ठाकुर**

## हिंदी लेखिका संघ का वार्षिक उत्सव आज

**नवभारत, जबलपुर।** हिंदी लेखिका संघ मध्यप्रदेश की जबलपुर इकाई का वार्षिक महोत्सव एवं लेखिका सम्मेलन 15 मई को कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय में शाम 4.30 बजे से आयोजित किया गया है। एकांश की नगर अध्यक्ष डॉ.कामना कौस्तुभ ने बताया कि समारोह में वर्षभर की गतिविधियों पर आधारित पत्रिका वामा शिल्प का विमोचन भी इसी दिन किया जाएगा। विशेष रूप से तैयार किए गए इस कार्यक्रम में गीत-संगीत, नृत्य, सम्मान एवं विमोचन जैसे अनेक आकर्षक आयोजन शामिल हैं।साथ ही आकाशवाणी के सितारे समूह द्वारा गीतों की प्रस्तुति भी होगी। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.हरिशंकर दुबे ,अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे एवं सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण होंगे। समारोह में डॉ भावना शुक्ल मुंबई एवं ई अर्चना नायडू भोपाल को सम्मानित किया जाएगा। हिंदी लेखिका संघ ने सभी साहित्य अनुरागियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# रादुविवि के कुलगुरू ने दिया राज्यपाल को निमंत्रण

▶ 36वां दीक्षान्त समारोह जून में प्रस्तावित



**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का 36वाँ दीक्षांत समारोह माह जून 2026 में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा द्वारा व्यक्तिगत रूप से भेंट कर मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल को समारोह की अध्यक्षता हेतु आमंत्रण पत्र एवं आयोजन तिथि की सहमति के लिए पत्र सौपा गया है एवं विश्वविद्यालय में तैयार अंगवस्त्र से महामहिम का आत्मीय स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि दीक्षान्त समारोह की तैयारियाँ व्यापक स्तर पर प्रारंभ कर दी गई हैं। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल तथा मुख्य समन्वयक प्रो. एस. एस. संधू की उपस्थिति में विभिन्न समितियों के संयोजकों के साथ दीक्षान्त समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वर्ण पदक एवं उपाधि वितरण, मंच साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था, स्मारिका, परिवहन, आमंत्रण कार्ड, जनसंपर्क एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कुलगुरु प्रो. वर्मा ने माह मई 2026 में तैयारियों को अंतिम रूप देने पर जोर दिया ताकि माननीय राज्यपाल जी से दीक्षान्त समारोह के आयोजन की तिथि हेतु सहमति प्राप्त होने के उपरांत भव्यता के साथ सम्पन्न हो सके। इस बैठक में दीक्षांत समारोह के समिति के सदस्यगण प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. एस.के. दुबे, प्रो. जे.के. मैत्रा, सहायक कुलसचिव पवन साहू, डॉ. हरेकृष्ण पाण्डेय तथा ओमप्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

## परीक्षा केन्द्र का कुलगुरु ने किया औचक निरीक्षण

कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र में गुरूवार सुबह 11.00 बजे से 2.00 बजे तक की पाली में संचालित हो रही परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया गया। कुलगुरु प्रो. वर्मा ने प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी की उपस्थिति में महाविद्यालय में संचालित हो रही परीक्षाओं का निरीक्षण किया गया। और उक्त परीक्षा केन्द की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

## एक नजर में



### आज से होगा नि :शुल्क कृत्रिम अंगों का वितरण

**नवभारत,जबलपुर ।** जायंट्स ग्रुप ऑफ इंदौर, संस्कार सेवा उत्सव समिति, रोटरी क्लब वेस्ट जबलपुर एवं सेवा भारती महाकौशल के सहयोग से 'दिव्यांगता मुक्त भारत अभियान' अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क कृत्रिम अंग (हाथ पैर) एवं कैलिपर्स वितरण शिविर का आयोजन 15 से 17 मई 2026 तक जबलपुर में किया जा रहा है। इस शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर का आयोजन स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज की प्रेरणा से किया जा रहा है। शिविर का आयोजन होम साइंस रोड, सांसद कार्यालय के बाजू वाली गली, सी. वी. सलून के सामने, श्रीराम फाइनेंस के सामने, जबलपुर में प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। संस्कार सेवा उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधांशु गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।



### जन्मदिन के उपहार में महापौर को मिला संस्कारधानी का भरपूर दुलार

**नवभारत,जबलपुर।** नगर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' को जन्म दिवस के मौके पर संस्कारधानी के सैंकड़ों देवतुल्य नागरिकों, पदाधिकारियों, अधिकारियों कर्मचारियों का स्नेह और भरपूर दुलार प्राप्त हुआ। इस मौके पर महापौर को जन्म दिवस की शुभकामनाएँ एवं बधाईयाँ देने रात्रि में 12 बजे से लेकर 14 मई की देररात तक स्नेही जनों का तांता लगा रहा। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' संस्कारधानी के नागरिकों से मिले अपार स्नेह और प्यार को पाकर अभिभूत हुए और कहा कि इस प्यार के बदले मेरा रोम-रोम संस्कारधानी के नागरिकों के लिए ऋणी रहेगा जो सेवक के रूप में सम्माननीय जनों की सेवा कर जीवन भर ऋण उतारता रहूंगा। महापौर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कदम संस्था, मदन महल राम मंदिर समिति, जिला बार एसोसिएशन, राईट टाउन स्टेडियम, अजाक्स कर्मचारी संघ, नगर निगम कर्मचारी संघों, पत्रकार बंधुओं, कलाप्रेमियों के साथ छोटी नीम परिवार, जलप्रदाय संघ के अलावा अन्य संस्थाओं एवं समाज के सम्माननीय जनों द्वारा महापौर का सम्मान किया गया।



### वृद्धजनों का सम्मान कर लिया आशीर्वाद

**नवभारत,जबलपुर।** माता महाकाली मंदिर त्रिमूर्ति नगर रामपुर छापर का प्रथम स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। दोपहर 3 बजे मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया गया इसके बाद माता महाकाली का पूजन अर्चन कर महाआरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनों की उपस्थिति रही। महाआरती के बाद धार्मिक गीतों की प्रस्तुतियां दीं गईं फिर शिवसेना के वरिष्ठ नेता ठाणेश्वर महावर ने अपना जन्मदिवस स्थानीय वृद्धजनों का स्वागत, सम्मान कर मनाया और वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में जगत गुरु पूज्य डॉ. बाल गोविन्दाचार्य और रामजीशरण महाराज, शिव कुमार पाठक सहित अन्य संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ठाणेश्वर महावर द्वारा श्री निवास समदड़िया , शेषमणि पटेल, डीडी श्रीवास्तव, गया गौतम, डॉ. पी मिश्रा, भगवत प्रसाद कनौजिया, मथुरा प्रसाद कुशवाहा, भीम सेन मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, कामेश्वर, रैकवार, कोमल सिंह लोधी, दयाराम वर्मा सुरेश निवारी संतोष तिवारी, राजेंद्र कुमार सुरेश पाठक, दयाशंकर राजेंद्र, राजेश चौबे का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर सांसद के बड़े भाई आशुतोष दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक नमामि शंकर महावर, राकेस महावर थे। वहीं शिवसेना के अमित दुबे, पुष्पा चौधरी, वीरेंद्र रैकवार, संतोष सोनी की उपस्थिति सराहनीय रही।

# शहर के कई हिस्सों का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

▶ ठीक मिली मौके पर सफाई, जल और प्रकाश व्यवस्था



**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया और सफाई, जल आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं चाक-चौबंद मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों की पीठ थपथपाई। निगमायुक्त ने अपने भ्रमण की शुरुआत रामपुर शंकर शाह नगर से की, जिसके बाद वे मंडवा बस्ती और सिविल लाइन क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने गलियों और मुख्य मार्गों पर साफ-सफाई के स्तर को बारीकी से देखा।

## दुरुस्त मिलीं व्यवस्थाएं

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने पाया कि सफाई व्यवस्था सड़कों पर कचरे का अभाव दिखा और सफाई मित्र मुस्तैदी से अपना कार्य करते पाए गए। वहीं पेयजल वितरण की स्थिति का अवलोकन करने पर पाया गया कि नागरिकों को निर्धारित समय पर पर्याप्त दबाव के साथ पानी मिल रहा है। इस अवसर पर निगमायुक्त ने कहा कि शहर की सुंदरता और नागरिकों की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज के निरीक्षण में रामपुर, मंडवा और सिविल लाइन क्षेत्रों की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। उन्होंने बताया कि अधिकारियों और कर्मचारियों की यह सक्रियता सराहनीय है। व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करने के साथ ही निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि यह निरंतरता बनी रहनी चाहिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, संभागीय अधिकारी पंकज अवस्थी, संतोष पांडे सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, पोला राव, संभागीय यंत्री अभिषेक तिवारी, अरुण पटेल आदि उपस्थित रहे।



# महर्षि विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने गौरवान्वित किया स्कूल का नाम

**नवभारत,जबलपुर।** महर्षि विद्या मंदिर, नेपियर टाउन के छात्रों ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए, जो विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को दर्शाता है।

विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र- रुद्रांश गुप्ता, प्रथम विश्वकर्मा, प्रखर जैन, पलक आगीचा एवं प्राची कलसा ने विशेष रूप से उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नीलेश कुमार पांडेय ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राहुल कुमार जैन ने भी सभी छात्रों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं ओर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सामने आए परीक्षा परिणाम में रूद्रांश गुप्ता ने कक्षा 12वीं में 92.8 प्रतिशत अंक, प्रथम विश्वकर्मा ने 88 प्रतिशत अंक, प्रखर जैन ने 87 प्रतिशत अंक, पलक आगीचा ने 85.6 प्रतिशत अंक और प्राची कलसा ने 84.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

# डॉ. अनुभा उपाध्याय बनी फूड साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष



**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर प्रोफेसर डॉ. अनुभा उपाध्याय को खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आचार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. अनुभा उपाध्याय ने 7 परियोजनाओं को सफलता पूर्वक संभाला है। आपने औषधीय पौधों की गुणवत्ता विश्लेषण पर 22 वर्ष एवं पीड़कनाशी अवशेष विश्लेषण में 6 वर्ष तक महत्वपूर्ण कार्य भी किया है। इसके अलावा आपने पौध कार्यिकी विभाग में 15 वर्षों तक एकेडमिक इंचार्ज का दायित्व बखूबी निर्वाह किया है। आपने छात्रावास अधीक्षिका का दायित्व 22 वर्षों तक संभाला है। डॉ. उपाध्याय ने 20 स्नातकोत्तर एवं 05 पीएचडी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया है। आपके 70 रिसर्च पेपर, 2 पुस्तकें एवं 45 प्रचलित लेख प्रकाशित हो चुके हैं। आपको राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बार्चे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, लेखानियंत्रक संजू तिवारी, उप लेखानियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अजय खरे, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डॉ. अल्पना सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, तकनीकी अधिकारी इंजी. शरद जैन, सुरक्षा अधिकारी डॉ. वाय.एम.शर्मा सहित विश्वविद्यालय के प्रध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी सहित अन्य ने बधाई प्रेषित की है।

## अखिल भारतीय सेमीनार एवं मुशायरे का आयोजन 17 को

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर साहित्य अकादमी दहली एवं गुलशन-ए-अदब के संयुक्त तत्वावधान में 17 मई को अखिल भारतीय सेमीनार एवं मुशायरे का आयोजन चार खम्भा बारात घर में किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभर से उर्दू भाषा एवं साहित्य से जुड़े विद्वान, शायर और साहित्यकार शामिल होंगे। आयोजन में चंद भान ख्याल, डॉ. मेहताब आलम, डॉ. अंजुम बाराबंकी, स्तुति अग्रवाल, डॉ. जलीलुर्रहमान शाद बिलासपुरी, डॉ. अशफाक आरिफ, डॉ. मुस्तकीम रज़ा ताबिश, नैयर दमोही, जमील अहमद जमील, बाबू अनवर निजामी, सोहन सलिल, मंज़ूर मजहर तथा परवेज परवाज़ सहित अनेक साहित्यकार शिरकत करेंगे। बाबू अनवर निजामी, शेख निजामी, शकील साजिद एवं शफीक अंसारी ने साहित्य प्रेमियों एवं शहरवासियों से सेमीनार एवं मुशायरे में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।




# आयुध निर्माणी खमरिया को मिला गोल्डन पीकॉक क्वालिटी अवॉर्ड 2026

**नवभारत,जबलपुर।** रक्षा उत्पादन क्षेत्र में उत्कृष्ट गुणवत्ता प्रबंधन, आधुनिक कार्य प्रणाली एवं निरंतर सुधार की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड के अंतर्गत कार्यरत आयुध निर्माणी खमरिया) को प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक क्वालिटी अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान एक गरिमामय समारोह में आयुध निर्माणी खमरिया के मुख्य महाप्रबंधक श्री शैलेश वगेरवाल द्वारा ग्रहण किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री कुमार अम्बेडकर, ओएफके भी उपस्थित रहे। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार आयुध निर्माणी खमरिया द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण, उत्पादन उत्कृष्टता, आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग, सुरक्षा मानकों के पालन तथा सतत सुधार की दिशा में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है। मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान निर्माणी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता, परिश्रम और गुणवत्ता के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आयुध निर्माणी खमरिया भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन नए मानक स्थापित करने हेतु निरंतर कार्य करती रहेगी।

मांग

मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री से मांग

# मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी की अस्मिता बचाने उठने लगी आवाज



**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री के नाम जबलपुर जिला प्रशासन के अधिकारी को शहर के तमाम संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के विखंडन प्रस्ताव पर पुनर्विचार कर उसे तत्काल खारिज करें। विरोध करने वालों ने स्पष्ट कहा कि शासन के इस निर्णय से सीधा असर जबलपुर के प्रशासनिक तथा शैक्षणिक रसूख पर पड़ेगा,इससे जबलपुर का कद घटेगा तथा जबलपुर की अस्मिता को चोट भी पहुंचेगी।

डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि जबलपुर की मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के विखंडन से नये कैंपस खुलने से जबलपुर का 'सेन्ट्रल हब' वाला दर्जा प्रभावित होगा, इस यूनिवर्सिटी की परि सम्पत्तियां और देनदारियों के बंटवारे से उसके संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा अन्य शहरों में शिफ्ट हो जायेगा और नये क्षेत्रीय हिस्से बनने से जबलपुर के अधीन आने वाले कॉलेजों की संख्या घट जायेगी तथा जबलपुर क्षेत्राधिकार में कमी आयेगी। विदित हो कि पूर्व में भी जबलपुर के कई संस्थानों का विखंडन किया जा चुका है जिसमें विद्युत मंडल , हाईकोर्ट ,रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी ,जबलपुर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी ,जबलपुर वेटेरनरी यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

## मेडिकल साइंस विवि के विखंडन को रोकने पीएम को लिखा पत्र



मेडिकल साईंस विश्वविद्यालय का विखण्डन जबलपुर की अस्मिता से खिलवाड़ को लेकर महाकौशल जनप्रतिनिधि विचार मंच विरोध जताया है। इस मौके पर मंच के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, संभागायुक्त जबलपुर, कलेक्टर जबलपुर को पत्र भी लिखा है। और मांग की है कि इस विखण्डन को रोका जाए। महाकौशल जनप्रतिनिधि विचार मंच के संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष विजय कांडा ने बताया कि जबलपुर मेडिकल साईंस विश्वविद्यालय पूरे संभाग में स्वास्थ के क्षेत्र में अग्रणी संस्था है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा अपनी नई योजना को लेकर जबलपुर मेडिकल साईंस विश्वविद्यालय को तीन हिस्सों में बांटने की पूरी तैयारी कर ली गई है, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लिए गए निर्णय का सीधा असर जबलपुर के साख और सम्मान पर पड़ेगा। महाकौशल जनप्रतिनिधि विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय कांडा की अध्यक्षता में गोरखपुर स्थित मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें जबलपुर मेडिकल साईंस विश्वविद्यालय के विखंडन का विरोध किया गया एवं मध्यप्रदेश सरकार की तीखी आलोचना की गई। बैठक में मुख्य रूप से महाकौशल जनप्रतिनिधि विचार मंच के प्रदेशाध्यक्ष विजय कांडा, राजेन्द्र चैधरी, रूपलाल यादव, ठाकुर दीपक सिंह राजपूत, पिंकी ठाकुर, सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# श्रीमद् भागवत कथा का आगाज

▶ निकाली गई शोभायात्रा

**नवभारत,जबलपुर ।** श्री आदर्श केसरवानी वैश्य समाज संगठन द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कैलाशपुरी हाथीताल में किया जा रहा है। इस संदर्भ में गुरूवार को श्रीमद् भागवत कथा की विशाल कलश शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। कथा वाचक साकेत वासी श्रीमद् नरसिंह पीठ स्वामी श्री श्याम देवाचार्य महाराज के मुखारविंदों से कथा का शुभारंभ हुआ, यह कथा 14 मई से 21 मई तक कैलाशपुरी हाथीताल में चलेंगी, अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। श्री आदर्श केसरवानी वैश्य समाज संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने समस्त सनातन धर्म लंबियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर हरिवंश गुप्ता, बनवारी गुप्ता, संतोष गुप्ता, श्री गोपाल गुप्ता, कांत गुप्ता, मिश्रीलाल गुप्ता, पन्नालाल गुप्ता, उग्रसेन गुप्ता, सुरेश गुप्ता, दीपचंद्र केशरवानी, शिव प्रशाद गुप्ता, कंचन गुप्ता, वर्षा गुप्ता, सरिता गुप्ता, खुशी गुप्ता इत्यादि लोग मौजूद रहे ।